प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस वर्ष दिवस की थीम "स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य" रखी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य हर समृद्ध समाज की नींव है। प्रधानमंत्री ने सभी से अपने भोजन में कम से कम 10 प्रतिशत तेल कम करने का आग्रह किया और व्यायाम को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का ये प्रयास विकसित भारत की यात्रा में उनका सामूहिक योगदान होगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से लोगों से अपने स्वास्थ्य के साथ–साथ परिवार, समाज और पर्यावरण के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने का संकल्प लेने की अपील की है। स्वास्थ्य दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 26 करोड रूपये की लागत के कई विकास कार्यो का लोकार्पण किया। समारोह में निरामय राजस्थान अभियान की भी शुरूआत हुई। श्री शर्मा ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य क्षय यूनिट को सम्मानित करते हुए टीबी चैम्पियन्स से संवाद किया। कार्यक्रम में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी मौजूद रहे।

00000

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अब तक 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 52 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। वित्तीय समावेशन को सुगम और उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गैर–कॉर्पोरेट, गैर–कृषि लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत–मुक्त ऋण देने के लिए वर्ष 2015 में यह योजना शुरु की गई थी। इस योजना के अंतर्गत तीन श्रेणियों के ऋण दिए जा रहे हैं। इसमें 50 हजार रुपये तक का शिशु, पांच लाख रुपये तक का किशोर और दस लाख रुपये तक का तरूण ऋण शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में मुद्रा योजना ने भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य को नया रूप दिया है और वित्तीय समावेशन के एक मॉडल के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त की है।

00000

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने राज्य सरकार के मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान एक नए माइक्रो डेटा पोर्टल का शुभारंभ किया। एक वक्तव्य में मंत्रालय ने इस पोर्टल को आधिकारिक सांख्यिकी प्रणाली में डेटा उपलब्धता, उपयोगकर्ता के अनुभव और उन्नत प्रौद्योगिकियों के एकीकरण को बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम बताया। इसमें कहा गया है कि यह पोर्टल पहले के पोर्टल की तकनीकी सीमाओं पर काबू पाने में राष्ट्रीय सर्वेक्षण और आर्थिक जनगणना से संग्रहित व्यापक सांख्यिकी डाटा के लिए एक केन्द्रीकृत भंडार के रूप में सेवा देगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी की वेबसाइट का भी शुभारंभ किया गया। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बताया कि यह वेबसाइट मंत्रालय की क्षमतावर्धन पहल से संबंधित सूचना की पहुंच को एक ही मंच पर उपलब्ध कराने में सुविधा देगी।

00000

प्रदेश में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिये है। विभिन्न जिलों में दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढोतरी हुई है। मौसम केन्द्र के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य में दिन का सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर मे 45 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ये औसत से 6 दशमलव 8 डिग्री ऊपर रहा। जैसलमेर में 45, बीकानेर में 43 दशमलव 3, चित्तौडगढ में 43 दशमलव 2, जोधपुर में 43, कोटा और चूरू में 42 दशमलव 4, जालोर में 42, श्रीगंगानगर में 41 दशमलव 7, भीलवाडा, वनस्थली और लूणकरणसर में 41 दशमलव 6 और राजधानी जयपुर में तापमान 40 दमशलव 7 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी तीन दिन तक प्रदेश के पांच संभागों में तापमान में और बढोतरी होने के आसार है। इसके बाद नया

पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से आंधी और बारिश की संभावना है। इधर प्रदेश में बढ़ती गर्मी के मद्देनजर विभिन्न जिलों में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने लू और तापघात के मरीजों की उचित देखभाल के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए है। पशुपक्षियों के लिये भी समाजसेवी संस्थाओं और संगठनों की ओर से परिंडे लगाने का काम शुरू हो गया है। पाली में आज परिंडा अभियान के तहत 734 गांवो और ढाणियों में 40 हजार परिंडे लगाए जा रहे है।

00000

जैसलमेर के रामदेवरा में आज चैत्र नवरात्रि की दशमी पर मेला भर रहा है। इस मौक पर बडी संख्या में श्रद्धालु बाबा रामदेव की समाधि के दर्शनो के लिए पंहुच रहे है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए दर्शनार्थियों ने बाबा की समाधि के दर्शन कर घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। समाधि समिति की ओर से सभी श्रद्धांलुओ को सुगमता पूर्वक दर्शन कराने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की गई है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

0000